यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।
*****
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/सूचना का सदैव स्वागत है।)

सोना चांदी सर्वोच्च शिखर पर | चांदी ₹4,06,863 पार | सोना ₹1,75,869 पार

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 195 | इंदौर, गुरुवार 29 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# अजित पवार पंचतत्व में विलीन...

## बेटे पार्थ ने दी मुखाग्नि, बारामती ने नम आंखों से 'दादा' को दी विदाई



बारामती/मुंबई, (एजेंसी) एनसीपी नेता अजित पवार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं. उनके बेटे पार्थ पवार और जय ने मुखाग्नि दी। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान वहां का माहौल गमगीन रहा और अपने चहेते नेता 'अजित दादा' को अंतिम विदाई देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा।

अजित पवार के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जहां विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों ने मुखाग्नि दी। पुलिस बल द्वारा उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और मातमी धुन के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे, आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS)

### मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 सबसे पहले लागू की

## शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम हुआ बेहतर, बढ़ रहा है नामांकन-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश में इसी सत्र से खोले जाएंगे 200 नये सांदीपनि विद्यालय



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युग बदले, सदियां बदलीं पर शिक्षकों का सम्मान कभी कम नहीं हुआ। शिक्षक उस दीपक के समान होते हैं, जो खुद जलकर दूसरों के जीवन को आलोकित करते हैं। शिक्षकगण सदैव सम्मानित थे, हैं और आगे भी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इनके सद्प्रयासों से ही प्रदेश के शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम ऐतिहासिक रूप से बेहतर से और बेहतर हुए हैं। बच्चों के प्रवेश, शाला नामांकन दर में भी रिकार्ड वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदेश में बच्चों की ड्राप-आउट दर भी शून्य हो गई है। इसमें शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है, वंदनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन में कहा कि हमारे सांदीपनि विद्यालय और पीएमश्री विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता के नए-नए मानक स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों की सफलता से हम सब अभिभूत हैं। इसलिए प्रदेश में इसी सत्र से 200 नए सांदीपनि विद्यालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में मध्यप्रदेश देश के पहले राज्यों में हैं। हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए ए.आई., कोडिंग और कौशल आधारित शिक्षा की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। इसमें शिक्षकों का बहुमूल्य योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के हित में सरकार ने कोई कमी नहीं रखी है। आगे भी जो कुछ हित लाभ बचा है, वह भी जल्द ही देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ सरस्वती पूजन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

### इंदौर हाईकोर्ट बार चुनाव

## मनीष यादव बने अध्यक्ष, अभिषेक तुगनावत ने उपाध्यक्ष पद पर दर्ज की बड़ी जीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम बुधवार देर रात घोषित कर दिए गए हैं। अध्यक्ष पद पर मनीष यादव ने जीत दर्ज की है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक तुगनावत को निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद पर मनीष गडकर और सह सचिव पद पर अमित राज ने जीत हासिल की।**

एक्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में राहुल पांचाल, तेजस जैन, अमन मालवीय, राशमेंद्र सूर्यवंशी और अर्निक जैन निर्वाचित हुए हैं। शुरुआती राउंड में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गौरव श्रीवास्तव आगे रहे। जबकि अगले चार से पांच राउंड में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। 17वें राउंड के बाद मनीष यादव काफी आगे निकल गए। 20वें राउंड तक मनीष यादव ने बढ़त बनाए रखी और वे 20 वोट से विजयी रहे। उन्हें 512 वोट मिले,



जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी गौरव श्रीवास्तव को 492 वोट मिले। जबकि अध्यक्ष पद के तीन अन्य दावेदारों जीपी सिंह को 406, गमनीष जैन को 282 और पवन जोशी को 95 वोट मिले।

उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक तुगनावत की जीत शुरू से ही स्पष्ट होती दिखी। उन्होंने 858 मत हासिल कर बड़े अंतर से चुनाव जीता। उनके मुकाबले अपूर्वा शुक्ला को 311, धर्मेंद्र साहू को 232, मधुसूदन यादव को 216 और भावना साहू को 162 मत मिले।

सचिव पद पर तीनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर रही। शुरुआती राउंड में बढ़त बदलती रही, लेकिन अंततः मनीष गडकर ने 652 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। गोविंद राय को 582 और निलेश मनोरे को 533 मत मिले।

सह सचिव पद पर सबसे बड़ी जीत दर्ज हुई। अमित राज ने 1027 मत प्राप्त कर स्पष्ट और रिकॉर्ड बढ़त बनाई। उनके प्रतिद्वंदी ज्ञानेंद्र शर्मा को 739 मत मिले।

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर दिया जाए विशेष ध्यान

## जटिल गर्भवती महिलाओं की साप्ताहिक मॉनिटरिंग के दिये गए निर्देश

### कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को प्रभावी रूप से कम करने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने जटिल गर्भवती महिलाओं की पहचान, लाइन-लिस्टिंग और साप्ताहिक मॉनिटरिंग को अनिवार्य बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न जिला स्वास्थ्य समिति की इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले की स्वास्थ्य आधारभूत सुविधाओं एवं संरचनाओं की उपलब्धता की समीक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा, शिशु-मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम,



एएनसी पंजीयन (अनमोल पोर्टल), राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, निक्षय मित्र योजना, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ निवारण जनजागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। इस पखवाड़े के अंतर्गत कुष्ठ रोग के संबंध में आमजन को जानकारी देते हुए इसके उपचार के संबंध में जागरूकता लायी जाएगी। बताया गया कि फरवरी और मार्च माह में अभियान चलाकर नये कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर कुष्ठ के संभावित रोगियों की पहचान का कार्य किया जाएगा।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एवं जोनल ऑफिसर अपने-अपने क्षेत्र में आशा कार्यकर्ताओं की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करें तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और गतिविधियों की सतत समीक्षा करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी चिकित्सक के अवकाश पर जाने से पूर्व उनकी वैकल्पिक व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसूता महिलाओं की सुविधा हेतु मानक स्तर के लेबर रूम की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण पर जोर दिया गया। साथ ही गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं बच्चों में एनीमिया की नियमित जांच कर एनीमिया पाए जाने पर तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने जटिल गर्भवती महिलाओं की साप्ताहिक मॉनिटरिंग एवं गुणवत्तापूर्ण जांच के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पंजीकृत जटिल गर्भवती महिलाओं की पहचान, फॉलो-अप एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। हाई ब्लड प्रेशर (PIH), गंभीर एनीमिया, पूर्व सिजेरियन ऑपरेशन, हृदय रोग एवं अन्य चिकित्सकीय जटिलताओं से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की लाइन-लिस्टिंग कर बीपीएमयू, जोनल एवं सेक्टर स्तर पर प्रति सप्ताह निगरानी की जाएगी।

साथ ही समस्त जटिल गर्भवती महिलाओं एवं जटिल पीएनसी प्रकरणों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण परीक्षण प्रत्येक प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आयोजित शिविरों में सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए। प्रसव-पूर्व जांच के दौरान प्रत्येक गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर, वजन, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, यूरिन, एल्ब्यूमिन सहित एब्डोमिनल परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाएगा, जिसमें गर्भ की ऊँचाई, गर्भावधि सप्ताह एवं शिशु की हृदय गति का परीक्षण भी शामिल रहेगा।

अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार ने सभी जांचों की प्रविष्टि अनमोल पोर्टल एवं एमसीपी/एससीपी कार्ड में अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला की न्यूनतम चार प्रसव-पूर्व जांच तथा अंतिम त्रैमास में कम से कम दो चिकित्सकीय परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। जटिल गर्भवती महिलाओं का पंजीयन अनमोल पोर्टल पर करते हुए उनकी समस्त जानकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी संस्थानों में भी संधारित की जाए। इसके अतिरिक्त मॉडरेट एनीमिया से ग्रसित समस्त गर्भवती महिलाओं में शत-प्रतिशत एनीमिया परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए।

---

# पुलिस कमिश्नर ऑफिस में ज्ञापन लेकर पहुंचे परिजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर बुधवार को अजय सोनी के परिवार और इलाके के रहवासी पहुंचे। उन्होंने 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और वरिष्ठ आरक्षक प्रवीण सिंह को बर्खास्त करने की मांग की। उनका आरोप था कि पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता प्रवीण सिंह ही है।**

परिजनों से एसीपी स्तर के अफसर ने ज्ञापन स्वीकार किया और जांच कराने का आश्वासन दिया। पिछले दिनों अजय के परिवार ने जिला कोर्ट में भी सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच की याचिका दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने जांच शुरू कर दी है। एमआईजी थाने में अजय सोनी को नवंबर 2024 में उनके घर से लेकर पुलिसकर्मी प्रवीण सिंह, राहुल डाबर, रविंद्र कालू हार्डिया, सोनू पांडे, विपीन पांडे और दो अन्य ने एनडीपीएस प्रकरण में गिरफ्तार किया और जेल भेजा था। जेल में अजय की मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को शिकायत दी थी। मामले में एक साल बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने जिला कोर्ट में अपील दायर की। कोर्ट ने सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।बुधवार को बब्बू यादव के नेतृत्व में अजय के परिवार और रहवासी फिर से पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचे। उन्होंने एसीपी स्तर के अफसर को ज्ञापन सौंपा और वरिष्ठ आरक्षक प्रवीण सिंह को बर्खास्त करने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

---

## उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सशक्त कदम

# महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "रोजगार, उद्यमिता विकास तथा आनंद मेले का हुआ आयोजन"

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन में 'स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन गाइडेंस' के अंतर्गत कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा तिवारी द्वारा 'रोजगार, उद्यमिता विकास अवसर एवं आनंद मेले का आयोजन' किया गया। यह रोजगार मेला 800 से अधिक छात्राओं को शिक्षा से रोजगार, योग्यता से अवसर और आत्मनिर्भरता से नेतृत्व की दिशा में जोड़ने के लिए सशक्त प्रयास है। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों, उद्यमिता विकास योजनाओं तथा स्वरोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने एवं उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कॅरियर मेले में शहर की लगभग 45 विभिन्न प्रतिष्ठित एवं अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें, जहाँ छात्राओं को सीधे प्लेसमेंट, इंटर्नशिप एवं रोजगार से संबंधित सुनहरे अवसर प्राप्त हुए। यह कंपनियाँ फार्मा, फाइनेंस, बैंकिंग, मानव संसाधन (HR), डिजिटल मार्केटिंग, हेल्थकेयर एवं शिक्षा जैसे विविध एवं उभरते क्षेत्रों से संबंधित थी, जिससे छात्राएँ अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार करियर चयन कर सकी। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टॉल लगाने का अवसर प्रदान किया गया। छात्राओं ने हस्तशिल्प (Handicrafts), कला एवं क्राफ्ट सामग्री, सजावटी वस्तुएँ, सिलाई, कढ़ाई की वस्तुएं, ज्वेलरी, पेंटिंग, उपहार के लिए वस्तुएं, सुखी खाद्य वस्तुएं आदि के स्टॉल लगाए।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र इंदौर महाप्रबंधक श्री स्वप्निल गर्ग द्वारा छात्राओं को अपने उत्पाद एवं कलाकृतियों का पंजीयन करा कर स्वयं के उद्योग को स्थापित करने हेतु एवं सरकारी लोन सुविधाओं के बारे में बताकर छात्राओं को जागरूक किया। लघु उद्योग भारती पोलो ग्राउंड के पूर्व अध्यक्ष एवं आईटीआई इंदौर बोर्ड के डायरेक्टर श्री पंकज काले द्वारा स्वरोजगार के नए अवसरों के बारे में जानकारी दी साथ ही उन्होंने इस रोजगार मेले को सराहा और शुभकामनाएं प्रेषित की। कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सीमा तिवारी ने छात्राओं से कहा कि आप अपने आप पर आत्मविश्वास रखें। एक छोटा-सा विचार, सही प्रशिक्षण और उचित मार्गदर्शन के साथ बड़ा स्वरोजगार बन सकता है। आज का प्रशिक्षण और यह जागरूकता कार्यक्रम आपके लिए अवसर का द्वार है—बस आपको आगे बढ़कर उसे अपनाना है। साथ ही उन्होंने लगभग 356 से अधिक छात्राओं के शॉर्ट लिस्ट होने की जानकारी भी दी।

# दूषित पानी से अबतक 30वीं मौत

## ●परिजनों ने अंत्येष्टि से पहले सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में दूषित पानी से बुधवार को 30वीं मौत हो गई। भागीरथपुरा में रहने वाले 62 वर्षीय लक्ष्मी रजक को दो दिन पहले उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था परिजनों ने बताया कि भर्ती के दौरान उनकी किडनी भी खराब होने की जानकारी मिली।**


खूबचंद, मृतक
लक्ष्मी रजक, मृतक

इससे पहले भागीरथपुरा के खूबचंद की दूषित पानी से मंगलवार को मौत हो गई थी। बुधवार को उनके परिजनों ने अंत्येष्टि से पहले सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। हालांकि, अब भर्ती मरीजों की संख्या सिर्फ 6 रह गई हैं। इनमें से 3 आईसीयू में हैं। एक वेंटिलेटर पर है। दूसरी ओर इसी मामले को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में मंगलवार (27 फरवरी) को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा सुनवाई चली। शुरुआत में मुख्य सचिव अनुराग जैन 10 मिनट तक वर्चुअल उपस्थित रहे। इस दौरान 23 मौतों की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें से 16 मौतें दूषित पानी से मानी हैं, जबकि चार को लेकर असमंजस की स्थिति बताई है। वहीं तीन की मौत दूषित पानी से नहीं मानी है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए स्वतंत्र जांच के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि स्वच्छ पेयजल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। यह मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है। इस कांड को एक माह पूरा हो रहे हैं, लेकिन अभी-भी पूरी बस्ती में साफ पानी नहीं मिल पाया है और न ही अफसर यह बता पाए कि दूषित पानी के कारण आखिर इतनी मौतें कैसे हो गईं? यह कांड सामने आने के बाद कई सरकारी जांचें हुईं और आयोग का गठन भी हो चुका है। मामला कोर्ट में है, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार के खिलाफ कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं हुआ है।

29 दिसंबर को भागीरथपुरा बस्ती के 20 मरीज दो अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती हुए थे। उन्हें देखने क्षेत्रीय विधायक कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे थे, जिसके बाद दूषित पानी से फैल रही बीमारी का खुलासा हुआ। 30 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति की पहली मौत हुई थी। इन मौतों के पीछे नगर निगम की भारी लापरवाही उजागर हुई है। बस्ती की पाइपलाइनें 30 साल से ज्यादा पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं। भागीरथपुरा से जुड़ा नगर निगम का जोन शिकायतों के मामले में शहर में दूसरे स्थान पर है। पिछले दो माह में यहां सबसे ज्यादा गंदे पानी की शिकायतें मिली थीं, लेकिन अफसरों ने उन पर ध्यान नहीं दिया।

हैरानी की बात यह है कि सालभर से लाइन बदलने के प्रस्ताव तैयार थे, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ। गंदे पानी की शिकायतों को अफसरों ने गंभीरता से नहीं लिया। जिस नर्मदा लाइन से घरों में पानी जाता है, उसके ऊपर पुलिस चौकी का शौचालय बना दिया गया और मल-मूत्र का पानी नर्मदा लाइन में समाता रहा। जब मौतें होने लगीं, तब अफसरों ने शौचालय तोड़कर लीकेज खोजा। पूरी लाइन में 30 से ज्यादा लीकेज मिले, जिन्हें एक माह बाद भी पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सका है।

# 10वीं की छात्रा को परेशान कर रहा था पुलिसकर्मी, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में तैनात एक आरक्षक पर 10वीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ और पीछा करने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मंगवार देर रात आरक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।**



छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार, छत्रीबाग इलाके में रहने वाली छात्रा ने बताया कि मंगलवार को वह कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान जयरामपुर कॉलोनी के पास आरोपी आरक्षक दीपक ने उसका रास्ता रोका, हाथ पकड़ लिया और घर छोड़ने की बात कही। छात्रा ने किसी तरह अपना हाथ छुड़ाया और कोचिंग चली गई। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी आरोपी कई बार रास्ते में रोककर नाम-पता पूछ चुका था और लगातार उसका पीछा कर रहा था। आरोपी पुलिस की वर्दी में रहता था, जिस कारण डर के चलते छात्रा ने पहले किसी को यह बात नहीं बताई। बाद में उसने पूरी घटना की जानकारी अपनी मां को दी। घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों के लोग मंगलवार रात छत्रीपुरा थाने पहुंचे और अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। एडिशनल डीसीपी हेमंत चौहान को पूरे मामले से अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी आरक्षक से पूछताछ कर छेड़छाड़ की धाराओं में एफआईआर दर्ज की। पुलिस के मुताबिक आरोपी आरक्षक दीपक डायल-100 में तैनात था। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है और बुधवार को उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।

# नशेड़ियों ने नाबालिग पर चाकू से हमला किया

## 40 से अधिक टांके आए



**इंदौर। द्वारकापुरी में नशेड़ी तिरूपति और उसके साथियों ने 17 साल के सूरज जामदार पर तेज धार वाले चाकू से हमला कर दिया। बच्चे की पीठ पर गंभीर चोटें आईं। उसे पहले यूनिक और फिर चोइथराम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनों अस्पतालों ने भर्ती करने से इनकार कर दिया। अंततः सूरज को माणिकबाग स्थित एबीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे 40 टांके लगे।**

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से परिवार और इलाके के लोग थाने पहुंचे। सूरज की मां ने मंगलवार रात थाने के बाहर बताया कि बेटा रात में घर लौट रहा था, तभी नशे में आरोपी उससे झगड़ा करने आए और हमला कर फरार हो गए। पुलिस ने बयान लेने के बाद एफआईआर दर्ज की है, लेकिन मुख्य आरोपी अभी तक पकड़ा नहीं गया। परिवार का आरोप है कि इलाके में नशेड़ी का आतंक बढ़ गया है। दो दिन पहले द्वारकापुरी थाना परिसर में दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके एक दिन पहले फूटी कोठी सब्जी मंडी में भी दो परिवारों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने कार्रवाई की थी।

# डीएवीवी में रैगिंग की शिकायत, जूनियर्स को नशा करने पर मजबूर किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग में रैगिंग का बेहद गंभीर मामला प्रकाश में आया है। संस्थान के डी-हॉस्टल में रहने वाले बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों ने द्वितीय वर्ष के सीनियर छात्रों पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस शिकायत के प्राप्त होने के बाद कॉलेज प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ विस्तृत जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।**




पीड़ित जूनियर छात्रों का आरोप है कि सीनियर छात्र उन्हें न केवल मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं बल्कि उन्हें जबरन सिगरेट पीने के लिए भी मजबूर करते हैं। जब किसी छात्र द्वारा इसका विरोध किया जाता है, तो उसे बैच आउट करने की धमकी दी जाती है। ज्ञात हो कि बैच आउट किए गए छात्रों को कॉलेज की तमाम शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से पूरी तरह अलग-थलग कर दिया जाता है। इसके अलावा जूनियर्स को हमेशा सिर झुकाकर बात करने और सीनियर्स के सामने हाथ जोड़कर खड़े रहने के लिए विवश किया जाता है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संस्थान प्रबंधन ने मंगलवार को एंटी रैगिंग कमेटी की एक आपातकालीन बैठक बुलाई। प्रारंभिक जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि इस तरह की अनुचित गतिविधियों में कुछ प्रथम वर्ष के छात्र भी सीनियर्स का साथ दे रहे थे। पूछताछ के दौरान कुछ विशिष्ट सीनियर छात्रों के नाम चिन्हित किए गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दोषी पाए जाने वाले छात्रों को एक वर्ष के लिए निष्कासित किया जा सकता है या उन्हें कॉलेज से टीसी थमाई जा सकती है। शुरुआत में केवल एक छात्र ने फोन के माध्यम से प्रबंधन को इस स्थिति की जानकारी दी थी। हालांकि, जब संस्थान ने सख्ती दिखाई और सभी जूनियर छात्रों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की, तो लगभग 7 से 8 छात्रों ने अपने साथ हुई रैगिंग की पुष्टि की। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। इसी कारण इस बार किसी भी प्रकार की नरमी न बरतते हुए सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

# मिठाई शॉप के स्टोर मैनेजर की मौत

**इंदौर। खजराना इलाके में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में मिठाई शॉप के स्टोर मैनेजर की मौत हो गई। वह काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हादसे की जांच की जा रही है।**



खजराना पुलिस के अनुसार हादसा रोबोट चौराहे के पास रात करीब 12 बजे हुआ। मृतक की पहचान राजकुमार (40) पिता गजेन्द्र सिंह निवासी देवकी नगर के रूप में हुई है। टक्कर के बाद राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल राजकुमार को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। देर रात तक जब राजकुमार घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर कॉल किया, तब उन्हें हादसे की जानकारी मिली। इसके बाद परिजन तुरंत एमवाय अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान राजकुमार ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि राजकुमार शहर की एक मिठाई दुकान में स्टोर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे और काम के सिलसिले में पूरे शहर में आना-जाना रहता था। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

## ट्रेड डील से राज्यों को भी मिलेगा लाभ

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (न्यू ट्रेड डील) पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत में आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने के लिए यूरोपियन यूनियन के साथ यह ट्रेड डील अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस डील से देशभर में वस्तुएं सस्ती होंगी और राज्यों को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह ट्रेड डील हमारी अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त हो रहा है।

## लाड़ली बहना योजना को बताया था गेमचेंजर

**भोपाल, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजित पवार नहीं रहे। एक विमान हादसे में उनकी मौत हो गई। अचानक उनके ऐसे चले जाने से मप्र के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। इस शोक की घड़ी में उनकी बातें अकस्मात ही याद आ रही हैं। मध्यप्रदेश को लेकर दिया गया उनका बयान भी अभी याद आ रहा है। प्रदेश के बाहरी नेता होते हुए भी उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकारों की जीत का श्रेय मध्य प्रदेश को दिया था। उन्होंने सार्वजनिक मंच से मध्यप्रदेश की सियासी रणनीति, मध्यप्रदेश मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा था कि कैसे मध्यप्रदेश मॉडल देशभर के लिए प्रेरणा और सीख का उदाहरण बना। उन्होंने कैसे प्रदेश की लाड़ली बहना योजना की प्रशंसा करते हुए कहा था महिलाओं को लेकर चलाई गई योजनाओं ने चुनावी जीत की दिशा तय की। दरअसल प्रदेश की राजनीति में अजित पवार का एक बयान आज फिर जहन में आया है। अजित पवार ने सार्वजनिक मंच से कहा था कि मध्य प्रदेश की 'लाड़ली बहना योजना' ने पूरे देश की राजनीति को एक नया संदेश दिया है। उनका कहना था कि इसी योजना से प्रेरणा लेकर महाराष्ट्र में 'लाड़की बहिन योजना' लाई गई और इसका सीधा असर चुनावी नतीजों पर पड़ा।

## फसल बर्बाद होने पर किसान ने दी जान

**उज्जैन, एजेंसी।** जिले में आंधी, पानी और ओले से फसल बर्बाद होने के कारण बुधवार सुबह 30 साल के किसान ने आत्महत्या कर ली। उनका शव खेत में फांसी के फंदे पर मिला। फांसी लगाने से पहले किसान ने खराब फसल के वीडियो के साथ तड़प-तड़प के इस दिल से आह निकलती रही, मुझको सजा दी प्यार की, ऐसा क्या गुनाह किया... गाने का वॉट्सएप स्टेटस लगाया था। पुलिस के अनुसार, मृत किसान का नाम पंकज मालवीय था। वह तराना तहसील के खेड़ा जामुनिया गांव में रहते थे। उन्होंने करीब 6 बीघा जमीन पर गेहूं की फसल लगाई थी, जो नष्ट हो गई। फसल खराब होने से पंकज काफी परेशान थे। वे मंगलवार रात घर नहीं लौटे। सुबह जब परिवार के लोग खेत में पहुंचे तो उसका शव मिला।

### पिता उड़ाते हैं फाइटर जेट...

# घर की 'चीनी' थी शांभवी पाठक, दादी को भेजा हाय ददा... का आखिरी मैसेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। अजित पवार के प्लेन क्रेश में पायलट शांभवी पाठक का भी निधन हो गया है। शांभवी ग्वालियर की रहने वाली थी। 25 साल की शांभवी का बचपन ग्वालियर में ही बीता है। शांभवी पाठक की दादी मीरा पाठक अभी ग्वालियर में रहती हैं। वह अब अकेले रहती हैं। हादसे के बाद मीरा पाठक ने मीडिया से बात की हैं। उन्होंने शांभवी पाठक के बारे में सब कुछ बताया है।**





मीरा पाठक ने कहा कि शांभवी पाठक का जन्म ग्वालियर के मुरार में हुआ था। मेरे साथ ही रही है। अब उसका ग्वालियर आना जाना कम होता था। हमलोग उसे प्यार से चीनी कहते थे। घर के सभी लोग चीनी ही कहकर उसे बुलाते थे। पांचवीं तक की पढ़ाई ग्वालियर में ही हुई है। दादी ने बताया कि शांभवी के पिता भी एयरफोर्स में स्क्वाड्रन लीडर हैं। वह मीराज उड़ाते थे। एयर चीफ के साथ वह रहते थे। पहले ग्वालियर एयरबेस पर ही पोस्टेड थे। शांभवी ने यही रहने के दौरान फाइटल उड़ाने की ट्रेनिंग ली थी। शांभवी पाठक के दादा भी एयर फोर्स में ही थे। वह ग्राउंड स्टाफ थे। पिछले साल उनका निधन हुआ है। उसमें शांभवी ग्वालियर आई थी। वहीं, मीरा पाठक ने कहा कि वह हमसे फोन पर ही बात करती थी। बहुत दिनों बाद उसके आज सुबह में हाय ददा... गुड मॉर्निंग का मैसेज आया था। मैंने फोन उठाया तो देखा कि उसका मैसेज आया है। शांभवी के निधन के खबर उनके छोटे बेटे ने दी थी। उन्होंने ही सुबह 11 बजे फोन पर कहा कि चीनी की कंपनी के फ्लाइट क्रैश हो गया। इसके बाद उन्होंने बड़े बेटे के पास फोन किया और जानकारी ली। मीरा पाठक ने कहा कि 12 अक्टूबर 2025 को वह अपने दादा की बरसी पर आई थी। शांभवी के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। दादी से शांभवी को विशेष लगाव है। अब वह भी दिल्ली जाने की तैयारी कर रही हैं। साथ ही खुद को संभालने में लगी हैं।

# खरगे-राहुल की मप्र कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार मप्र कांग्रेस की एक अहम बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मप्र कांग्रेस के नेताओं के साथ चर्चा की।**



एमपी कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक में राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में एसटी, एससी, ओबीसी, महिला, अल्पसंख्यक ऐसे हर वर्ग के लिए अलग प्लानिंग करें। उनकी समस्याएं जानें और उसके बाद उनके निराकरण के लिए क्या प्रयास हो सकते हैं इसकी पूरी रणनीति तैयार करें। संगठन में जिन नेताओं को जो जिम्मेदारियां दी गई हैं उनको टॉस्क देकर फॉलोअप और मॉनिटरिंग का भी सिस्टम बनाएं। बैठक में मनरेगा का नाम बदले जाने, एसआईआर में वोटर्स के नाम गलत तरीके से हटाए जाने और एमपी कांग्रेस के संगठन के विस्तार और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई है।

## मुख्यमंत्री ने अजित पवार के निधन पर किया दुःख व्यक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. श्री पवार को विनम्र श्रद्धांजलि देकर बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की परम शांति की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. अजित पवार एक उदार छवि वाले महाराष्ट्र के जमीनी राजनेता थे। उन्होंने अलग-अलग सरकारों में महत्वपूर्ण विभागों के दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए महाराष्ट्र के विकास में अमूल्य योगदान दिया। वे गरीब, वंचित और पिछड़ों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जारी संदेश में कहा कि महाराष्ट्र के बारामती एयरपोर्ट में लैंडिंग के प्रयास के दौरान हुआ विमान हादसा हृदय विदारक है। इसमें अजित पवार सहित पांच व्यक्तियों के निधन की सूचना मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. श्री पवार उनके अच्छे मित्र थे। उनके निधन से मन व्यथित और पीड़ा से भरा हुआ है। श्री पवार का इस तरह से हम सबको छोड़कर चले जाना अविश्वनीय है। दुःख की इस घड़ी में मध्यप्रदेश सरकार अजित पवार के समर्थकों और शोकाकुल परिजन के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्लेन दुर्घटना में मृत सभी व्यक्तियों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

# नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर युवती से रेप

**ग्वालियर।** जिले के घाटीगांव थाना क्षेत्र में 21 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवती के ही दूर के रिश्तेदार और सेना में पदस्थ जवान ने पहले नशीली कोल्डड्रिंक पिलाई और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उससे शादी करने का वादा कर कई बार रेप किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घाटीगांव थाना क्षेत्र के हुकुमगढ़ गांव में रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि आरोन निवासी रामनिवास उर्फ राम बंजारा दूर का रिश्तेदार है और सेना में जवान है। उसका घर पर आना-जाना था बीते दो वर्षों से दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी और आरोपी कई बार उससे पसंद करने की बात कह चुका था। पीड़िता के अनुसार 4 जनवरी 2025 को आरोपी ने फोन कर बताया कि वह दोस्त की बर्थडे पार्टी में हुकुमगढ़ आया हुआ है।

### अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने पीएम को लिखा पत्र

# वीवीआईपी दर्शन के नाम पर पुजारियों को गर्भग्रह से बाहर करने पर आपत्ति, कहा- ये अत्याचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने मंदिरों में वीवीआईपी दर्शन के दौरान अपनाए जा रहे प्रोटोकॉल पर कड़ी आपत्ति जताई है। महासंघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देश के सभी मंदिरों और देवालयों में वीआईपी प्रथा समाप्त करने और वीआईपी प्रवेश को प्रतिबंधित करने के लिए कानून बनाने की मांग की है।

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी और राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि वीआईपी दर्शन के नाम पर मंदिरों में सेवा देने वाले पुजारियों, सेवादारों और संतों को बाहर किया जाना सनातन परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां इस तरह की घटनाएं अधिक देखने को मिल रही हैं।

**बांके बिहारी मंदिर और शंकराचार्य विवाद का जिक्र-** महासंघ ने पत्र में हाल ही में उत्तर प्रदेश के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में हुए विवाद का उल्लेख किया। आरोप है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के



दौरे के दौरान सुरक्षा के नाम पर मंदिर के पुजारियों, सेवादारों और उनके परिवार की महिलाओं को रोका गया, अपमानित किया गया और पुलिस बल का प्रयोग कर खदेड़ा गया। महासंघ ने इसे सनातन धर्म में सीधा हस्तक्षेप बताया। इसके साथ ही प्रयागराज में सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्माधिकारी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुई कथित अभद्रता का भी उल्लेख किया गया। पत्र में कहा गया कि उन्हें स्नान करने से रोका गया, बटुकों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और संतों को अपमानित किया गया। इसी तरह कुछ दिन पहले प्रदेश के नलखेड़ा स्थित बगलामुखी माता मंदिर में अधिकारियों द्वारा ब्राह्मणों और पुजारियों को हवन-पूजन से रोके जाने का आरोप भी लगाया गया है।

**सीएम योगी से सवाल-** अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सवाल करते हुए कहा है कि यदि भविष्य में किसी अन्य दल का मुख्यमंत्री गोरखपुर पीठ में दर्शन करने जाए और सुरक्षा के नाम पर मठ के सेवादारों और संतों को बाहर किया जाए, जैसा कि वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में हुआ, तो क्या इसे स्वीकार किया जाएगा? महासंघ ने मांग की है कि मंदिरों में सभी भक्तों के लिए समान व्यवस्था हो और वीआईपी संस्कृति को समाप्त कर सनातन परंपराओं और पुजारियों के सम्मान की रक्षा की जाए।

# संपादकीय

## इसरो की सफलता और दुनिया के लिए सबक

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बुधवार को ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से इसरो ने ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन लॉन्च किया। इस मिशन में बाहुबली एलवीएम3-एम6 रॉकेट ने अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल की ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट को सफलतापूर्वक 'लो अर्थ ऑर्बिट' में स्थापित कर दिया। यह एलवीएम3 रॉकेट के इतिहास में अब तक का सबसे भारी पेलोड 6100 किलोग्राम है। इस मिशन की लॉन्चिंग सुबह 8:54 बजे आईएसटी सेकंड लॉन्च पैड से हुआ। 43.5 मीटर ऊंचे और 640 टन वजन वाले इस रॉकेट ने लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद सैटेलाइट को 520 किलोमीटर की ऊंचाई पर 53 डिग्री इंक्लिनेशन वाली सर्कुलर ऑर्बिट में छोड़ा। इसरो की इस कामयाबी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौरवपूर्ण पूर्ण क्षण बताया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर इस उपलब्धि को एक बड़ी छलांग कहा है। इसरो की 100 फीसदी सफलता वाली एलवीएम3 सीरीज की छठी उड़ान है, जो पहले चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वनवैब के 72 सैटेलाइट्स लॉन्च कर चुकी है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन से मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी में कई अहम बदलाव आएंगे। इसरो की ये कामयाबी इसलिए भी खास है क्योंकि कई और देशों ने इस तरह के अंतरिक्ष मिशन के दौरान तगड़े झटके लगे थे। उन्होंने स्पेस मिशन को लेकर तैयारी तो बहुत की थी लेकिन प्रक्षेपण के समय तगड़ा झटका लगा था। इसमें ब्राजील, जापान, दक्षिण कोरिया के नाम प्रमुख हैं। दक्षिण कोरिया का पहला व्यावसायिक ऑर्बिटल रॉकेट, हनबिट-नैनो, ब्राजील से लॉन्च होने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना कोरियाई टाइमिंग के अनुसार मंगलवार को हुई, जब रॉकेट के ऑपरेटर, इनस्पेस कंपनी ने बताया कि लॉन्च के 30 सेकंड बाद ही इसमें खराबी आ गई और वह जमीन पर गिर गया। अच्छी बात यह है कि रॉकेट एक सुरक्षित क्षेत्र में गिरा, जिससे किसी भी तरह की जनहानि या अतिरिक्त नुकसान की कोई खबर नहीं है। यह लॉन्च ब्राजील के अल्कांतारा स्पेस सेंटर से हुआ था। इनस्पेस के अनुसार, रॉकेट में पांच सैटेलाइट थे, जिन्हें 300 किलोमीटर की निचली कक्षा में स्थापित किया जाना था इससे पहले खास मिशन की लॉन्चिंग के दौरान हादसे की चौंकाने वाली घटना साल 2003 में ब्राजील के अल्कांतारा स्पेस सेंटर में हुई थी। VLS-1 V03 रॉकेट लॉन्च से कुछ दिन पहले ही लॉन्च पैड पर ये फट गया था। इस दर्दनाक घटना में 21 साइंटिस्ट और टेक्निशियन की जान चली गई थी। इससे ब्राजील के अंतरिक्ष कार्यक्रम को करारा झटका लगा था। ये कोई अकेली घटना नहीं थी। जापान में भी ऐसा ही हादसा हुआ जब मार्च 2023 में H3 रॉकेट में खराबी आ गई थी। ये घटना 7 मार्च 2023 को हुई थी, जब H3 रॉकेट की लॉन्चिंग में दूसरे स्टेज पर इसका इंजन काम नहीं कर सका था। इससे वह अपनी निर्धारित कक्षा तक नहीं पहुंच सका। नतीजा ये हुआ कि जापान का ALOS-3 उपग्रह नष्ट हो गया और लॉन्च विफल हो गया था। ये जापान के मिशन को तगड़े झटके से कम नहीं था।

धर्म-कर्म

# जया एकादशी व्रत कथा, इसके पाठ से अग्निष्टोम यज्ञ समान फल होगा प्राप्त



जया एकादशी का व्रत माघ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर रखा जाता है। पुराणों के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से भूत पिशाच की योनि से मुक्ति मिल सकती है। जया एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा करने के साथ-साथ व्रत कथा का पाठ भी अवश्य करना चाहिए। ऐसा करने से व्रत का पूर्ण फल प्राप्त होता है। आइए विस्तार से जानें जया एकादशी व्रत कथा...

माघ मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को पद्म पुराण में 'जया' का नाम दिया गया है। पुराण के अनुसार, जया एकादशी का व्रत विधिपूर्वक करने से पिशाच योनि से मुक्ति मिलती है और इससे पापों का भी नाश होता है। इस एकादशी का व्रत करने के साथ-साथ कथा का पाठ भी अवश्य करना चाहिए। मान्यता है कि जया एकादशी कथा का पाठ करने और इसे सुनने से अग्निष्टोम यज्ञ के समान फल की प्राप्ति होती है। आइए जानें जया एकादशी व्रत की कथा पद्म पुराण से...

### जया एकादशी व्रत कथा

युधिष्ठिर ने सवाल किया- भगवन, आपने माघ मास के कृष्ण पक्ष की 'षट्तिला' एकादशी के बारे में बताया है। अब कृपा करके मुझे बताइए की शुक्ल पक्ष में कौन सी एकादशी आती है? उसकी क्या विधि है और इस तिथि पर किस देवता की पूजा की जाती है?

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा- राजेन्द्र! मैं जो बताता हूं उसे सुनो। माघ मास के शुक्ल पक्ष में आने वाली एकादशी का नाम 'जया' है। यह सभी पापों को दूर करने वाली उत्तम तिथि है। यह पवित्र होने के साथ-साथ पापों का नाश करती है और मनुष्यों को भोग और मोक्ष दिलाती है। यही नहीं, ब्रह्म हत्या जैसे पाप और पिशाचत्व का भी विनाश करती है। इसका व्रत करने से मनुष्य को कभी प्रेत योनि में नहीं जाना पड़ता है। इसलिए राजन, विधिपूर्वक 'जया' एकादशी का व्रत करना चाहिए।

एक समय की बात है जब देवराज इंद्र स्वर्ग लोक में राज्य करते थे। देवगण पारिजात के वृक्षों से भरे नन्दन वन में अप्सराओं संग विहार कर रहे थे। पचास करोड़ गंधर्वों के नायक इंद्र ने स्वेच्छानुसार वन में विहार करते हुए बहुत ही हर्ष के साथ नृत्य का आयोजन किया था। वहां, गन्धर्व गान कर रहे थे, इनमें पुष्पदन्त, चित्रसेन तथा उसका पुत्र ये तीनों प्रधान थे। चित्रसेन की मालिनी नामक स्त्री थी। मालिनी द्वारा एक कन्या पुष्पवन्ती नाम से विख्यात हुई है। पुष्पदन्त गन्धर्व का एक पुत्र माल्यवान था जो पुष्पवन्ती के रूप पर अत्यंत मोहित हो गया था। ये दोनों भी इन्द्र के संतोषार्थ नृत्य करने आए हुए थे। दोनों का गान हो रहा था और इनके साथ अप्सराएं भी वहां थीं। परस्पर अनुराग के चलते दोनों मोह के वशीभूत हो गए। चित्त में भ्रान्ति आ गई। ऐसे में वे शुद्ध न गा पाए। कभी ताल भंग हो जाता तो कभी गीत बंद हो जाता है। इंद्र ने इस पर विचार किया और इसमें अपना अपमान समझकर वो कुपित हो गए थे।

दोनों को श्राप देते हुए कहा- 'ओ मूर्खों, तुम दोनों को धिक्कार है! तुम पतित और मेरी आज्ञा को भंग करने वाले हो। ऐसे में पति-पत्नी के रूप में रहते हुए पिशाच हो जाओ।' इंद्र द्वारा ऐसा श्राप देने पर दोनों को बड़ा दुख हुआ। दोनों हिमालय पर्वत पर चले गए और पिशाच योनि को प्राप्त करके भयंकर दुख भोगने लगे। दोनों ही शारीरिक पातक से उत्पन्न ताप से पीड़ित होकर पर्वत की कंदराओं में विचरते रहा करते थे। एक बार पिशाच ने अपनी पत्नी पिशाची से कहा- 'हमने ऐसा कौन-सा पाप किया, जिससे हमें यह पिशाच-योनि प्राप्त हुई है? नरक का कष्ट अत्यंत भयंकर है और पिशाच योनि भी बहुत दुःख देने वाली है। ऐसे में हमें पूर्ण प्रयास करके पाप से बचना चाहिए।' इसी तरह वे दोनों चिंतित होकर दुख के चलते सूखते जा रहे थे।

दैवयोग से उन्हें माघ मास की एकादशी तिथि प्राप्त हुई। 'जया' नामक तिथि जो सभी में उत्तम तिथि है, वह आ गई। दोनों ने उस तिथि पर सभी प्रकार के आहार का त्याग कर दिया। यहां तक की जलपान तक नहीं किया। उस दिन दोनों से किसी जीव की हिंसा नहीं की और यहां तक की फल का भी सेवन नहीं किया। निरंतर दुख से एक पीपल के समीप दोनों बैठे रहे। सूर्यास्त का समय हो गया और उनके प्राण लेने वाली भयंकर रात उपस्थित हुई। दोनों को उस दिन नींद नहीं आ पाई, उन्हें रति या और कोई सुख भी प्राप्त नहीं हुआ। इसके पश्चात, सूर्योदय हुआ और द्वादशी का दिन आ गया। उन पिशाचों द्वारा 'जया' के उत्तम व्रत का पालन हो गया। दोनों ने रात में जागरण भी किया था। उस व्रत प्रभाव तथा भगवान विष्णु की शक्ति से दोनों की पिशाचता दूर हो गई। पुष्पवती और माल्यवान अपने पुराने रूप में वापस आ गए। उनके हृदय में वही पुराना स्नेह आ रहा था। उनके शरीर पर पहले ही जैसे आभूषण शोभा पा रहे थे। दोनों मनोहर रूप धारण कर विमान पर सवार हुए और स्वर्ग लोक की ओर चले गए। वहां, देवराज इंद्र के सामने दोनों बड़ी प्रसन्नता पूर्वक उन्हें प्रणाम किया। इंद्र को उन्हें उस रूप में उपस्थित देखकर बहुत विस्मय हुआ। इंद्र ने पूछा- किसी पुण्य के प्रभाव से तुम्हारा पिशाचत्व दूर हुआ यह मुझे बताओ? तुम दोनों को मैंने शाप दिया था फिर कैसे देवता ने तुम्हें उससे छुटकारा दिलाया?

माल्यवान ने कहा- भगवान वासुदेव की कृपा और 'जया' नाम की एकादशी के व्रत से हमारी पिशाचता दूर हो पाई है।

इंद्र ने कहा- तो अब तुम दोनों मेरे कहने पर सुधापान करो । जो एकादशी के व्रत में तत्पर और भगवान श्रीकृष्ण के शरणागत होते हैं, वे हमारे भी पूजनीय होते हैं।

श्रीकृष्ण कहते हैं- राजन! इसी कारण एकादशी का व्रत करना चाहिए | नृपश्रेष्ठ, 'जया' ब्रह्म हत्या का पाप भी दूर करने वाली होती है। जिसने 'जया' का व्रत किया हो उसने सभी प्रकार के दान दे दिए और संपूर्ण यज्ञों का अनुष्ठान कर लिया। इस महात्म्य का पाठ करने और सुनने से अग्निष्टोम यज्ञ का फल प्राप्त होता है।

New Delhi

# पहाड़ों पर हिमस्खलन, मैदान में बारिश-ओलावृष्टि से गिरा पारा, सर्द हवाओं से दिल्ली में ठिठुरन

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम भारत में मौसम खराब बना हुआ है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हिमस्खलन हुआ है जिसकी जद में आने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कई मवेशियों की जान चली गई। पहाड़ों पर हिमपात भी लगातार जारी है, इससे सैलानियों के चेहरे तो खिले हैं, लेकिन स्थानीय लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। कई सड़कें बंद हैं, ट्रांसफार्मरों के खराब होने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई है और नलों से आने वाला पानी भी बर्फ में बदल गया है। मैदानी क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ ओले गिरने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और ठंड बढ़ गई है। इस महीने के आखिर में एक नया



पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिससे पहली फरवरी को उत्तर-पश्चिमी भारत में भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। पहाड़ों की बर्फबारी का असर दिल्ली में सर्द हवाओं के रूप में दिख रहा है।

पश्चिमी हिमालयी राज्य हिमाचल प्रदेश में दो दिनों से जारी भारी बर्फबारी के बाद मंगलवार देर रात चंबा जिले के भरमौर और पांगी उपमंडल की पूलन पंचायत के ओट नाला में अचानक हिमखंड टूट गया। इसके बाद बही बर्फ की नदी की चपेट में राशन से भरे दो वाहन और तीन दुकानें आ गईं। राशन के दोनों वाहन बहकर सीधे नाले में जा गिरे और बर्फ में दब गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को भी हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी हुई है।

Karnataka

## बंगलूरू जा रही निजी बस में अचानक लगी आग, कुछ ही मिनट में हो गई खाक, झुलसे 10 यात्री



**बंगलूरू, (एजेंसी)** कर्नाटक में आज एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। यहां होसानगर से बंगलूरू जा रही एक निजी बस में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठता देख यात्रियों में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। जिस समय यह घटना हुई, बस में कुल 36 यात्री सवार थे। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के भी जान का नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, बस से बाहर निकलने और अफरा-तफरी के बीच दस यात्री मामूली रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने बताया कि सभी यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस अपने रास्ते पर थी, तभी अचानक इंजन के पास से धुआं निकलने लगा। ड्राइवर ने समय रहते खतरे को भांप लिया और तुरंत बस को सड़क किनारे रोक दिया। ड्राइवर ने शोर मचाकर सभी यात्रियों को फौरन नीचे उतरने के लिए कहा। यात्रियों के उतरते ही आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग और पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच कर रही है और आग लगने के असली कारणों का पता लगा रही है।

Punjab

सैंडविच का बिल भरने को लेकर बवाल...

## 6 युवकों ने पुलिस कॉन्स्टेबल को चाकू से गोदा

पटियाला. पंजाब के पटियाला जिले में एक मामूली से विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जब सैंडविच के पेमेंट को लेकर हुए झगड़े में एक हेड कॉन्स्टेबल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान हेड कॉन्स्टेबल अमनदीप सिंह के रूप में हुई है, जो नाभा का रहने वाला था और पटियाला के सिविल लाइंस थाने में तैनात था. यह वारदात 25 जनवरी की है. पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) वरुण शर्मा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि अमनदीप सिंह घटना के समय वर्दी में नहीं था. वह अपने भाई के साथ एक दुकान पर सैंडविच खाने गया था. इसी दौरान दुकान पर मौजूद एक युवक से खाने के पेमेंट को लेकर कहासुनी हो गई. हेड कॉन्स्टेबल का कहना था कि वे खाना खाने के बाद पेमेंट कर देंगे, लेकिन इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और हाथापाई शुरू हो गई. एसएसपी के मुताबिक, विवाद के दौरान युवक ने अपने साथियों को फोन कर मौके पर बुला लिया. कुछ ही देर में छह से सात युवक वहां पहुंच गए और उन्होंने अमनदीप सिंह पर हमला कर दिया.

Uttarpradesh

## कंबल की रस्सी बनाकर भाग गई थी लड़कियां... वूमेन शेल्टर से फरार पांच बालिकाएं बरामद

**मथुरा.** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में स्थित राजकीय बाल संरक्षण गृह (महिला आश्रय सदन) से फरार हुई पांच नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है. यह बालिकाएं दो दिन पूर्व सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए कंबल की रस्सी बनाकर आश्रय सदन से फरार हो गई थीं. इस घटना के सामने आने के बाद प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था.

मामले को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण अधिकारी की तहरीर पर वृन्दावन कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था. इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर कई विशेष पुलिस टीमें गठित की गईं, जिन्हें अलग-अलग संभावित स्थानों पर बालिकाओं की तलाश में लगाया गया.



लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को सफलता हाथ लगी और पांचों बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर लिया गया. नियमानुसार उन्हें फिर से बाल संरक्षण गृह में रखा गया है. इस संबंध में सीओ सदर पी.पी. सिंह ने बताया कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा पांच बालिकाओं के फरार होने का मुकदमा दर्ज कराया गया था. पुलिस की कई टीमें लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थीं.

खेल

# चौथे टी20 में भारतीय टीम को मिली शिकस्त

### शिवम दुबे की मेहनत पर फिरा पानी; 3-1 पर पहुंची सीरीज

**विशाखापत्तनम, (एजेंसी)** न्यूजीलैंड ने भारत को चौथे टी20 मुकाबले में 50 रन से हरा दिया। मौजूदा सीरीज में यह मेहमानों की पहली जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को शुरुआती तीनों मुकाबलों में मात देकर सीरीज अपने नाम की। बुधवार को विशाखापत्तनम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.4 ओवर में 165 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनके लिए शिवम दुबे ने 65 रनों की दमदार पारी खेली। इस मुकाबले के बाद अब यह सीरीज 3-1 पर पहुंच गई है।



216 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी की पहली ही गेंद पर अभिषेक शर्मा आउट हो गए और इसके तुरंत बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। शुरुआती झटकों से भारत दबाव में आ गया। इसके बाद रिंकू सिंह और संजू सैमसन ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन दोनों बल्लेबाज रन गति बढ़ाने में सफल नहीं हो पाए। रिंकू 39 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू आउट हुए, जबकि सैमसन 24 रन बनाकर क्लीन बोल्ड हो गए। हार्दिक पांड्या भी कोई खास योगदान नहीं दे सके और भारत 11 ओवर में 82/5 के स्कोर पर पहुंच गया।

ऐसे मुश्किल समय में शिवम दुबे ने एक छोर संभालते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा और खासतौर पर लेग स्पिनर ईश सोढ़ी के एक ओवर में 29 रन बटोरकर मैच में जान फूंक दी। दुबे ने मात्र 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 23 गेंदों में 65 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें सात छक्के शामिल थे। इस दौरान उन्हें डीआरएस के जरिए एक जीवनदान भी मिला, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया।

हालांकि, दूसरे छोर से उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। हर्षित राणा के साथ छठे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई, लेकिन राणा का योगदान सीमित रहा। दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट में दुबे के आउट होते ही भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं। पूरी टीम 18.4 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई और भारत को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत सीरीज में 3-1 से आगे है।

इससे पहले, न्यूजीलैंड की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट और डेवोन कॉनवे ने भारतीय गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बनाया। सीफर्ट ने पारी के पहले ही ओवरों में आक्रामक रुख अपनाया और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़ दिए। इसके बाद उन्होंने हर्षित राणा और जसप्रीत बुमराह के खिलाफ भी बेहतरीन शॉट लगाए। न्यूजीलैंड ने मात्र चार ओवर में 50 रन पूरे कर लिए और पावरप्ले के अंत तक बिना विकेट गंवाए 71 रन बना लिए।

सिनेमा

## कांतारा विवाद में फंसे रणवीर सिंह, चावुंडी दैवा परंपरा का अपमान करने के आरोप में दर्ज एफआईआर



धुरंधर एक्टर रणवीर सिंह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं. कुछ महीने पहले एक्टर रणवीर सिंह को ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा: ए लीजेंड – चैप्टर 1 के दैवा सीन की नकल करते देखा गया था. एक पब्लिक प्रोग्राम में ऐसा करने पर उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था. अब रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार को बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में रणवीर सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. रणवीर सिंह पर हिंदू धार्मिक भावनाओं और कर्नाटक के तटीय इलाकों की चावुंडी दैवा परंपरा का अपमान करने का आरोप लगाया गया है. उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 196, 299 और 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है. यह शिकायत बेंगलुरु के वकील प्रशांत मेथल ने दर्ज कराई है. एफआईआर के मुताबिक, यह कथित घटना 28 नवंबर 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (IFFI) के दौरान हुई थी. शिकायतकर्ता का आरोप है कि रणवीर सिंह ने मंच पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और ऐसा अभिनय किया, जिससे दैवा परंपरा के पवित्र तत्वों का मजाक उड़ाया गया. शिकायत में कहा गया है कि रणवीर ने पंजुरली और गुलिगा दैवा से जुड़े भाव-हावभाव की नकल की और उन्हें भद्दे, हास्यास्पद और अपमानजनक तरीके से पेश किया.

Highlights

1. US firm, linked to Israel's Gaza ops, to supply V-BAT drones to Indian army
2. Mamata has become mentally paralysed: Bawankule on remark on Ajit's death
3. States building castles in the air: SC on stray dogs case
4. India-US deal could be finalised any day now: Govt sources
5. Farmers march from Nashik to Mumbai to demand land rights, CM gives assurance
6. We were laughing together yesterday: Maha minister recalls Ajit Pawar

# India eyes 'Goldilocks' path as Economic Survey 2025-26 gets tabled today



**NEW DEIHI, (Agency).** The government is set to unveil the Economic Survey 2025-26 at 11:00 am on Thursday, with investors and policymakers looking for confirmation that the world's fastest-growing major economy has successfully navigated a high-interest-rate environment to secure a "Goldilocks" scenario of robust growth and cooling prices.

The report card, authored by Chief Economic Advisor V. Anantha Nageswaran, arrives as India asserts its position as a global growth engine. The government's first advance estimates and recent upgrades from the International Monetary Fund suggest the survey will likely project a GDP expansion of approximately 7.3% to 7.5% for FY26, comfortably outpacing global peers.

Balancing Growth and Fiscal Discipline

The Economic Survey 2025-26 is expected to highlight a significant "twin win": a sharp cooling in headline inflation, which dipped below the central bank's 4% target in late 2025, and a resilient domestic consumption story.

Key themes anticipated in this year's report include:

Manufacturing Pivot: Progress on production linked incentive schemes as India seeks to capture supply chains shifting away from China. Fiscal Consolidation: Analysis of the government's glide path to bring the fiscal deficit toward the 4.4% target.

The AI Dividend: A new emphasis on how digital infrastructure and artificial intelligence could boost productivity in the services sector.

Risks on the Horizon

Despite the optimism, the Economic Survey 2025-26 is expected to strike a cautionary tone regarding external risks. Rising trade protectionism and potential shifts in US tariff policies remain "known unknowns" for India's export machinery.

# RBI steps in with a rescue as rupee weakens to record low of 92/dollar

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India is likely to have sold dollars before the local spot market opened on Thursday to support the rupee, three traders said. The rupee declined to 91.98/dollar today, eclipsing its previous all-time low of 91.9650 hit last week, as persistent foreign capital outflows and corporate rush to hedge against further depreciation overshadowed impulses from a buoyant domestic economy. The one-month non-deliverable forward market had signalled a potential break past the 92/dollar level. The currency has declined 2% so far this year and nearly 5% since US President Donald Trump imposed steep tariffs on India's exports to its largest market.



# अधूरे कामों को लेकर इंदौर हाईकोर्ट ने लगाई फटकार




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के एलिवेटेड कॉरिडोर, सेंट्रल डिवाइडर और बीआरटीएस से जुड़े अधूरे कार्यों को लेकर हाईकोर्ट ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला ने टेंडर दस्तावेज की अस्पष्टता और निर्णयों में विरोधाभास पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी लापरवाही का खामियाजा अंततः आम जनता को भुगतना पड़ता है।**

सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि जारी टेंडर दस्तावेज में कार्य के दायरे को लेकर स्पष्टता नहीं है। कहीं केवल स्क्रैप उठाने की बात कही गई, तो कहीं ध्वस्तीकरण और आदेश के अनुपालन का जिक्र नहीं मिला। इस पर जस्टिस शुक्ला ने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति आगे चलकर कानूनी विवाद को जन्म दे सकती है। सुनवाई में याचिकाकर्ता राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बगाडिया और एडवोकेट शिरीन सिलावट ने पक्ष रखा। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उसका उद्देश्य किसी ठेकेदार को दंडित करना नहीं है, बल्कि शहर से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा कराना है। जस्टिस शुक्ला ने यह भी पूछा कि यदि टेंडर प्रक्रिया बार-बार अटक रही है, तो क्या कार्य किसी सरकारी एजेंसी से नहीं कराया जा सकता।अधिकारियों के बयानों पर भी कोर्ट ने असंतोष जताया। एक तरफ कहा गया कि एलिवेटेड कॉरिडोर का काम शुरू हो चुका है, वहीं दूसरी ओर यह भी बताया गया कि पीडब्ल्यूडी फरवरी में काम शुरू करेगा। कोर्ट ने इस विरोधाभास को गंभीर माना।

### सिक्योरिटी गार्ड महिला की हत्या में पकड़ाए दो आरोपी

# रुपए के लेनदेन में सगे भाईयों ने की थी हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नंदबाग इलाके में रहने वाली सिक्योरिटी गार्ड महिला की 5 दिन पहले उसके घर में लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस एक्टिवा सवार दो लोगों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने करीब 300 से ज्यादा कैमरों को खंगालते हुए आरोपियों की जानकारी निकाली। आरोपियों ने रुपए के लेनदेन के चलते सिक्योरिटी गार्ड महिला की हत्या की थी।**



डीसीपी राजेश व्यास की टीम ने बाणगंगा में हुए गायत्री कुर्मी के हत्याकांड का खुलासा किया है। मामले में दो भाईयों अमित मोर्य और सुमित मोर्य को पकड़ा है। वही उनका एक अन्य साथी फरार है आरोपियों ने रुपए के लेनदेन के चलते गायत्री की गला घोटकर हत्या की थी। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए थे।आरोपी को ढूंढने के लिए अलग-अलग टीमे बनाई गई थी। जिसमें मोबाइल डिटेल के साथ कैमरों को खंगाला गया था। आरोपी दो कैमरों में शुरूआत में गायत्री के घर के आसपास दिखे थे। इसके बाद से पुलिस उनकी आगे तलाश कर रही थी। गायत्री को लेकर अमित ओर सुमित को शंका थी कि वह ब्याज पर पैसा चलाती है। उसके पास काफी रूपए होगे। इसके बाद आरोपी अलसुबह उसके घर पहुंचे। यहां गायत्री ने उनका विरोध किया तो दौ भाईयो ने अपने अन्य साथी अमित गडकर निवासी वीणा नगर के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी चोरी करने के इरादे से गायत्री के घर पहुंचे थे। अमित ओर सुमित ऑटो रिक्शा चलाने का काम करते है।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
"NewsPaper"NewsPortal"NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

विज्ञापनों और ख़बरों के लिए बड़ा धमाका!

अब अपने व्यापार, ईवेंट या जाहिर सूचना को पहुँचाएँ जन-जन तक।

सेवाएँ : समाचार, विज्ञापन, जाहिर सूचना और कानूनी नोटिस।

रेट : बाज़ार में सबसे कम (न्यूनतम दर)।

अपनी फाइल अभी भेजें और उचित स्थान पाएँ।

संपर्क :
मनीष धार्मिक
मो. 9770313335

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

"एक सलाहकार और शुभचिंतक"

॥ बाबापण्डित ॥
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक